RNI NO. DELHIN/2013/50275


नई दृष्टिकोण नई सोच

# मैथिली प्रसंग
# MAITHILI PRASANG

रविवार, 21 अप्रैल, 2024, वर्ष : 10, अंक : 05, पृष्ठ : 06, मूल्य :1.00 रुपये

नई दिल्ली

दिल्ली | मुम्बई | पटना | चंडीगढ़ | जयपुर | लखनऊ | भोपाल | रांची | देहरादून



# नए आपराधिक न्याय कानून हमारे समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण: सीजेआई

भारत तीन नए आपराधिक कानूनों के भावी कार्यान्वयन के जरिए अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है...



**विनय कुमार**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के अधिनियमन को समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है।

उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ विषय पर यहां आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि नए कानून तभी सफल होंगे जब वे लोग इन्हें अपनाएंगे, जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि नए अधिनियमित कानूनों के कारण आपराधिक न्याय संबंधी भारत के कानूनी ढांचे ने नए युग में प्रवेश किया है।

उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच एवं अभियोजन में कुशलता के लिए अत्यावश्यक सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा, भारत तीन नए आपराधिक कानूनों के भावी कार्यान्वयन के जरिए अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है... ये कानून हमारे समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को दशार्ते हैं क्योंकि कोई भी कानून, हमारे समाज के दिन-प्रतिदिन के आचरण को आपराधिक कानून जितना प्रभावित नहीं करता। सीजेआई ने कहा, संसद द्वारा इन कानूनों को अधिनियमित किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत बदल रहा है एवं आगे बढ़ रहा है और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है। इस सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद थे। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए नए अधिनियमित कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और ह्यभारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, हिट-एंड-रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को तुरंत लागू नहीं किया जाएगा। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें स्वीकृति दी थी। सीजेआई ने भारतीय साक्ष्य संहिता पर राज्य सभा की स्थायी समिति की 248वीं रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली ने हमारे सामाजिक-आर्थिक परिवेश में प्रौद्योगिकी संबंधी बड़े परिवर्तनों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है और इन बदलावों ने समाज में होने वाले अपराधों के सामने आने की मौलिक रूप से फिर से कल्पना की है। उन्होंने कहा, बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) डिजिटल युग में अपराधों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को शामिल करती है। यह सात साल से अधिक कारावास की सजा वाले अपराधों के लिए अपराध स्थल पर एक फॉरेंसिक विशेषज्ञ की उपस्थिति और खोज एवं बरामदगी की दृश्य-श्रव्य रिकॉर्डिंग का निर्देश देती है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, तलाशी और जब्ती की दृश्य-श्रव्य रिकॉर्डिंग अभियोजन पक्ष के साथ-साथ नागरिकों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण उपकरण है। तलाशी और जब्ती के दौरान प्रक्रिया संबंधी किसी भी गड़बड़ी के खिलाफ न्यायिक जांच नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगी।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कार्यवाही के डिजिटलीकरण और डिजिटल साक्ष्य बनाते समय लगातार आत्मावलोकन करना चाहिए तथा आरोपी और पीड़ित की गोपनीयता की रक्षा की जानी चाहिए।

# अमेठी के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वायनाड भी छोड़ना पड़ेगा: प्रधानमंत्री

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो/ हेमन्त कुमार**



**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव हारने जा रहे हैं और 26 अप्रैल को वहां मतदान के बाद गांधी और उनकी टोली एक दूसरी सुरक्षित सीट की तलाश करेगी। मोदी ने कहा कि अमेठी के बाद राहुल गांधी को वायनाड भी छोड़ना पड़ेगा।

महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है।

उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी बेल करार दिया, जिसकी अपनी कोई जड़ या जमीन नहीं है और वह उसे सहारा देने वाले को ही सुखा देती है। उन्होंने लोगों से विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र के लक्ष्यों को साकार करने के लिए विपक्षी गठबंधन से सतर्क रहने को कहा।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हारने जा रहे हैं।

नांदेड़ और परभणी दोनों राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित हैं।

उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादे और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान का इंतजार कर रही है। जैसे ही 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान पूरा हो जायेगा वैसे ही ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट की तलाश करेंगे क्योंकि अमेठी के बाद उन्हें वायनाड भी छोड़ना होगा।

परभणी में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए है।

उन्होंने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस एक ऐसी बेल है, जिसकी अपनी न कोई जड़ है, न जमीन। इसे जो सहारा देता है, यह उसे ही सुखा देती है। उन्होंने कांग्रेस पर देश का विभाजन करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उसने अनुच्छेद 370 के बहाने कश्मीर में संविधान लागू नहीं होने दिया। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और 'फर्जी शिवसेना' (शिवसेना (यूबीटी) के संदर्भ में) याकूब मेमन की कब्र को सजाने में व्यस्त थी।

मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में दोषी मेमन को 2015 में फांसी दी गई थी। उन्होंने कहा, जब इंडी गठबंधन (विपक्षी समूह) सत्ता में था, तो उन्होंने (लोगों को) यह महसूस नहीं होने दिया कि निजाम शासन समाप्त हो गया है, रजाकार मानसिकता यहां हावी थी। उनकी प्राथमिकता याकूब मेमन की कब्र को सजाने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पिछले कार्यकाल में लोगों ने चंद्रयान मिशन की सफलता देखी और अगले कार्यकाल में 140 करोड़ भारतीय गगनयान की सफलता देखेंगे। उन्होंने कहा कि यह ऐसा पहला चुनाव है जहां लोग कोरोना वायरस रोधी टीके से लेकर सशस्त्र बलों के लिए हथियारों तक 'आत्मनिर्भर भारत' की सफलता के बारे में बात कर रहे हैं। मोदी ने कहा, केवल 10 वर्षों में देश ने विकास की एक लंबी यात्रा तय की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था, तो देश में आतंकवादी हमलों और विस्फोटों के बारे में चर्चा होती थी। उन्होंने कहा कि लेकिन अब सर्जिकल स्ट्राइक की बात होती है। मोदी ने कहा कि उन्होंने गरीबी का जीवन जीया है, गरीबों के दर्द को समझा है।

नांदेड़ की रैली में उन्होंने कांग्रेस पर विकास की राह में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि देश की प्रगति के लिए काम करने के संबंध में उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के कुछ नेता जो कई वर्ष लोकसभा के सदस्य रहे, उन्होंने अब संसद का निचला सदन छोड़ दिया और राज्यसभा चले गए क्योंकि उनमें लोकसभा चुनाव लड़ने का साहस नहीं है।

# राजस्थान से योगी का आह्वान, 'कांग्रेस को बना दीजिए इतिहास'



**बलवान सिंह**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, राजसमंद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान की धरती से आह्वान किया है कि कांग्रेस को इतिहास की वस्तु बना दीजिए। उन्होंने कहा जब राजस्थान की धरती अंगड़ाई लेती है तो पूरे देश में उसकी गूंज सुनाई देती है। कांग्रेस की ऐसी गति कीजिए कि लोग कहें 'एक थी कांग्रेस'। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं सत्य का पथिक हूं और राजस्थान की धरा पर सत्य की आवाज को मजबूती मिलती है, यही कारण है कि यहां मुझे सबसे ज्यादा प्यार मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पूर्वज राजस्थान से ही गये थे, उनके दादा गुरु ने मेवाड़ की धरती से गोरखपुर आकर राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी।

योगी आदित्यनाथ शनिवार को राजसमंद लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है, यहां भक्ति और शक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। बप्पा रावल की वीरता से लेकर महाराणा प्रताप के स्वदेश और स्वाभिमान पर पूरा देश गौरव की अनुभूति करता है। महारानी पद्मिनी के जौहर को कौन भुला सकता है। आज यूपी से इस धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। योगी ने कहा कि मीरा बाई की भक्ति हम सबके मन में राष्ट्रभक्ति एक नई ज्वाला पैदा करती है। ये भूमि कृष्ण की भक्ति में लीन मीराबाई को वृंदावन से जोड़कर राजस्थान और यूपी के संबंधों को मजबूत करती है।

**योगी ने की भील और मीणा जातियों की वीरता की चर्चा**

योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन लोगों ने महाराणा प्रताप की जगह अकबर को महान बनाने का कार्य किया। महाराणा प्रताप विपरीत परिस्थितियों में धैर्य न खोकर लड़ते रहे। उन्होंने कष्ट सहकर देश और स्वधर्म की रक्षा की। उस वक्त की सबसे बड़ी ताकत कहे जाने वाले अकबर को उन्होंने घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। इस धरती ने कभी भी स्वदेश, स्वधर्म और स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया है। योगी ने कहा कि कांग्रेस के लोग भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने में कोई संकोच नहीं करते। देश की आस्था पर प्रहार करने के लिए ये कहते थे कि राम हुए ही नहीं। हमें भी कांग्रेस को वोट देकर अपने इतिहास को कलंकित नहीं करना है। कोई स्वाभिमानी कौम ऐसा नहीं कर सकती। उन्होंने महाराणा प्रताप के साथ राजस्थान की भील और मीणा जातियों की वीरता की भी चर्चा की।

**भारत को बदहाल देखना चाहते हैं कुछ लोग**

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि लोग पूछते हैं कि राजस्थान में उन्हें इतना प्यार क्यों मिलता है। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि मैं सत्य का पथिक हूं और राजस्थान की धरती पर सत्य की आवाज को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि देश अपने भाग्य के ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा जा रहा है, दूसरी ओर ऐसे लोग हैं जो भारत को बदहाल देखना चाहते हैं।



# समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी केंद्र में मम रही लूटपाट जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**केंद्र प्रभारिक कर है हम छोटे कांटे पर कर रहे तो जबकि बड़े कांटे पर ट्राली टोल के बाद हो रही वेयरहाउस में खाली**

**सलसलाई व किलोदा केंद्र पर मच रही नोट दोनों ही वेयरहाउस संचालक व खरीदी प्रभारी किसान कार्ड से चल रहा काम**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** किसानों से समर्थन मूल्य पर सही खरीदी हो उचित दाम मिले खेती को लाभ पर धंधा बनाने को लेकर सरकार लाखों करोड़ों खर्च कर रही सरकारी समिति के माध्यम से खरीदी केंद्र समर्थन मूल्य पर कर रही पर वेयरहाउस संचालक को खरीद केंद्र प्रभारी अपनी मनमानी से बात नहीं आ रहे जहां ल केदो पर मचाकर किसानों से कुंतल गेहूं अधिक टकर वही 50 किलो 700 ग्राम गेहूं लेयर है जिससे कि किसानों को लाखों रुपए नुकसान हो रहा वहीं शांति लोएस्ट वेयरहाउस सलसलाई एवं मालवा बीज किलोदा वेयरहाउस पर खरीदी केंद्र प्रभारी के साथ घाट से उक्त किसानों के साथ ठगी का कार्य चल रहा है जहां ऐसा ही उदाहरण ठगी का देखने को मिला केदो पर जहां जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से पालन झाड़कर अपने ऊपर जिम्मेदारी लेना ही नहीं समझ रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शांति लोएस्ट वेयरहाउस सलसलाई पर ग्राम बुडलाय किसान बंटू परमार ने बताया कि मैं करीब 200 कुंतल से अधिक गेहूं बेच हैं जहां पूर्व में भी तीन कुंतल की मेरे साथ ठगी खरीद केंद्र पर की गई वहीं अब भी आज मैं बड़े कांटे से टोल करवाते हैं जहां और सीधा खाली करवा लेते हैं ट्राली को वही आज मैं बड़े कांटे से टोल करवा कर छोटे कटे से खुलवाया तो एक कुंटल का मुझे फैसला दिखा जहां इसी को लेकर मैं पूर्व में भी जो गेहूं भेज उनमें भी इसी तरह के मेरे साथ ठगी हुई है वही ग्राम मालवा बीच वेयरहाउस किलोदा वेयरहाउस संचालक के साथ-साथ खरीद केंद्र प्रभारी भी किसानों से 50 किलो 700 ग्राम गेहूं के साथ-साथ अधिक धुलाई कर बड़े कांटे से तौल कर रहे हैं और सीधा खाली करके कट्टी भरने का साथ उनकी छल्ली लगाई जा रही है और उन्हें कंप्लीट कर रहे हैं जहां जब उच्च अधिकारी आते हैं तो वहां उक्त स्थान को न देखकर दूर देखकर चले जाते हैं पत्रकार की टीम इन केदो पर पहुंची तो जहां किसानों ने बताया कि पहले से ही इस तरह का कार्य यहां कर रहे हैं जबकि जिम्मेदार को पता है उसके बाद भी कोई करवाई ना कर इत्याशील कर रहे वहीं जब खरीद केंद्र संचालकों से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि हम बड़े कांटे पर नहीं हम तो छोटे कटे टकर उसी के माध्यम से बिल बना रहे।



# सज गई देसी फ्रिजो की दुकान

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** जैसे-जैसे गर्मी अपना रूद्र रूप भिखारी वैसे-वैसे प्रतिदिन इस शादी विवाह का सीजन के साथ-साथ देसी फ्रिज के दुकान में बनाई गई मटकी कहते हैं सजाने लग गई। गुलाना सलसलाई बाजार में देसी फ्रिज मटको की दुकान तरह-तरह के सज गई एक और जहां ठंडे पानी को लेकर मटके तो वही शादी विवाह का सीजन चल रहा है उसमें छोटी मटकी के साथ-साथ समस्त प्रकार के मिट्टी के बर्तन आसानी से बाजार में उपलब्ध हो रहे हैं जहां गुलाना के प्रजापति समाज के रामचंद्र प्रजापति राकेश प्रजापति ने बताया कि यहां शादी विवाह के सीजन में घर परिवार के विवाह वाले घर पर छोटे मटके अन्य तरह की मिट्टी के बर्तन की आवश्यकता रहती है जो संपूर्ण उपलब्ध है वही मटके में हर तरह के 50 से लगाकर 500 तक के उपलब्ध है जहां बड़े मटके का दाम भी अच्छे हैं वही अभी सीजन अच्छा चल रहा है जहां सभी को गर्मी को देखते हुए उचित दाम पर उक्त मिट्टी के बर्तन मिल रहे हैं।



# खुरई शिशु मंदिर की पूर्व छात्रा निमिषा का यूपीएससी में मयन होने पर विद्यालय परिवार ने बधाई दी

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)।** नगर की सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय की पूर्व छात्रा बहिन निमिषा तंतुवाय का संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी 2023 की परीक्षा में चयनित होने पर विद्यालय परिवार ने सागर निवास पहुंचकर बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही माता पिता के साथ निमिषा का पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। निमिषा ने विद्यालय परिवार से मिलकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि मुझे शिशु मंदिर के आचार्य दीदियों ने बहुत ही स्नेह दिया और मेरे अध्यापन की मजबूत नींव रखी। मुझे परीक्षा की तैयारी के दौरान हिंदी माध्यम से पढ़ना व्यवधान नही लगा बल्कि परीक्षा की तैयारी में अंग्रेजी से ज्यादा हिंदी ज्ञान ने मेरी बहुत सहायता की है। मेरे मन में आज भी विद्यालय की स्मृतियां है जिन्हें यादकर मेरे मन मे उत्साह जागृत हो जाता है। इस अवसर पर विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर, प्राचार्य नारायण राव धर्मपुरीकर, मोतीनगर प्रधानाचार्य मनीष खरे, वरिष्ठ आचार्य अमर सिंह , गोविंन्द मुरारी पाठक , पुष्पेंद्र सिंह , बाबूलाल , रवि यादव, मंशाराम प्रजापति, श्रीमति हेमलता ,श्रीमति सविता आदि उपस्थित रहे।



# खुरई उपजेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का अयोजन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर एम.के. शर्मा के निर्देशन पर उपजेल खुरई में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का अयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न बीमारी से पीडित बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दावाओं का वितरण किया गया। शिविर में बंदियों को कानूनी जानकारी दिये जाने के साथ बीमारियों के बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुकेश कुमार यादव, तृतीय जिला न्यायाधीश, सुश्री सौम्या विजयवर्गीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, सुश्री श्रेया गक्खर न्यायिक मजिस्टेट्र प्रथम श्रेणी एवं सिविल चिकित्सालय खुरई से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. लहरिया, डॉ. पी. के. जैन, डॉ. रामजी ठाकुर, डॉ. शुभम असाठी, डॉ. नीतेश दुबे, जेलर ब्रजेंद्र बहादुर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अनुज, हरिकेश सिंह एवं सहायक मेडीकल स्टाप उपस्थित रहे।






# हमारा लक्ष्य है मतदान प्रतिशत बढ़े

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, हटा/दमोह (जगदीश विश्वकर्मा)।** नगर के महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या शाला स्कूल में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार गोचर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें, सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित, विद्यार्थी , कर्मचारीगण, अधिकारी ने मतदान करने का संकल्प लिया इसके बाद श्री कोचर द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम स्थल से रैली प्रारंभ की जो नगर के खचना नाका, राय चौराहा, मंदिर मस्जिद चौराहा होते हुए पुनः एमएलबी स्कूल में समापन हुआ । रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हो । रैली में जिला कलेक्टर सुधीर कुमार गोचर, हटा एस डी एम राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी,सी ई ओ बी एस यादव, सी एम ओ राजेन्द्र खरे,बी आर सी हरीश अहिरवार, बी एम ओ उमाशंकर पटेल, थाना प्रभारी मनीष कुमार के साथ बड़ी में एक्सेलेंस स्कूल,नवोदय स्कूल,डाइट,कॉलेज एवं कस्तूरबा गांधी छात्रावास की छात्राओं के अलावा आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता, और सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी स्कूल कॉलेज के प्राचार्य उपस्थित रहे। पलायन करने वाले मजदूर को बुलाने का प्रयास जारी हैं- विशेष बातचीत के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार गोचर ने बताया कि मजदूर के पलायन की स्थिति यादि है तो हम पंयाचत स्तर पर कर्मचारियों की सहायता से प्रयास करेंगे कि , पलायन हुए मजदूरों को मतदान के लिए उनके गृह क्षेत्र बुलाया जाए । हमारा लक्ष्य है कि इस बार मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव की अपेक्षा बड़े ।




**रैली के बाद एक छात्रा की तबीयत बिगड़ी।**

मतदाता रैली में बड़ी संख्या छात्रा को सुबह से ही बुला लिया गया था किन्तु उक्त कार्यक्रम में छाया ना होने के कारण छात्राओं को धूप में लगभग 1 घंटे खड़ा रहना पड़ा जिसके बाद रैली शुरू हुए, रैली समाप्ति के बाद एक छात्रा की तबीयत बिगड़ जाने से उससे परिजनों की सहायता से सिविल अस्पताल हटा में भर्ती कराया गया ।

**दिव्यांग रैली में साथ चले, सेल्फी पॉइंट पर बच्चों के साथ सेल्फी।**

रैली के दौरान नगर के विभिन्न दिव्यांग अपनी अपनी ट्राई साइकिल के साथ रैली में सबसे आगे रहे ,वही कलेक्टर श्री गोचर द्वारा नगर पालिका द्वारा बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर बच्चों के साथ सेल्फी ली गई बाद में, कलेक्टर के साथ सभी विभाग के कर्मचारियों ने फोटो खिंचवाई ।

# हटा उपजेल में विधिक एवं स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की रही उपस्थिति




**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।** हटा उपजेल में विधिक एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना सिंह की उपस्थिति रही। सिविल अस्पताल हटा के चिकित्सकों द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में न्यायधीश द्वारा बंदियों से विधिक सहायता हेतु जानकारी ली गई और उनकी परेशानियों के सम्बंध में जानकारी ली गई। इस दौरान प्रभारी बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल, डॉ. विराज मोहन पांडे, जेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह चौधरी की उपस्थिति रही।

# वार्ड की जो भी मूलभूत समस्याएं हैं, इनका बिल्कुल निराकरण करायेंगे-कलेक्टर

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर मड़ियादो के वार्ड 19 मदनटोर में बंजारा बस्ती पँहुचे**

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ग्राम पंचायत मड़ियादो के वार्ड 19 मदनटोर में बंजारा बस्ती पँहुचे। यहां डोर टू डोर मतदाताओ को मतदाता पर्ची देकर मतदान की अपील की। उन्होंनें पलायन करने वाली बंजारा समाज के लोगो से आग्रह करते हुये कहा कि मैं समझ सकता हूं आपकी परिस्थिति विपरीत हो सकती है, लेकिन यह काम हमें अपने देश के लिए करना है। इस काम में यदि आप मुझे वचन देते हैं कि हम वोट डालकर जाएंगे तो मैं भी आपको वचन दूंगा कि आपके यहां की जो भी मूलभूत चीजों की समस्याएं हैं, इनका हम बिल्कुल निराकरण करायेंगे। इसके लिए सभी मतदाताओं ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर को वचन देते हुए आश्वस्त किया।



# कलेक्टर एवं जिला निर्वामन अधिकारी श्री कोमर ग्राम पंमायत मंदेना पहुँमे मतदाताओं को मतदान पर्मी देकर मतदान करने किया आग्रह

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ग्राम पंचायत चंदेना पहुँचे, यहां उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान पर्ची देकर मतदान करने की अपील की और लोगो की समस्याएं सुनी और उन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने मतदान केंद्र चंदेना स्कूल का जायजा लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, सीईओ बी.एस. यादव, सचिव रामकिशुन मिश्रा उपस्थित रहे।



# सामग्री वितरण के दौरान मेडिकल किट में जीवन रक्षक दवाईयों का विशेष ध्यान रखा जायः कलेक्टर

**अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न दिये गये अहम दिशा निर्देश होम वोटिंग टीम के कार्य की श्री कोचर ने की सराहना**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।**

मतदान सामग्री वितरण के दौरान खासतौर पर मेडिकल किट में दवाईयों का विशेष ध्यान रखा जाये जिसमें हार्ट, ओआरएस के साथ जीवन रक्षक दवाईयां आवश्यक रूप से रखी जाये, मेडीकल काउंटर विधानसभावार पंडाल में बनाये जायें, होम वोटिंग की टीम ने बहुत सराहनीय कार्य किया है। यह बात आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक में व्यक्त किये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम, सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर, डिप्टी कलेक्टर सहित नोडल अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा मतदाता जागरूकता, पोस्टर आदि सामग्री पहले से ही मतदान केन्द्रों पर सचिवों के माध्यम से पहुंचाई जाये। सामग्री वितरण एवं जमा काउंटर पर भीड़ ना हो, किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिये। सामग्री वितरण के दौरान फोटोकापी मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा वाहनों के ड्राईवर निर्वाचन के महत्वपूर्ण अंग हैं, उनके लिये दवाईयां, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। वाहनों में डीजल, पैट्रोल का स्टॉक रिजर्व रखा जाये। वाहनों में जीपीएस सिस्टम सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कम्युनिकेशन टीम विधानसभा क्षेत्र के अनुसार रहेगी। टीम के सदस्य सहायक रिटर्निंग आफिसर के अंडर में रहेंगे, एक टीम जिला स्तर पर कार्य करेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने ड्राइंग के माध्यम से नोडल अधिकारियों को सामान वितरण एवं जमा करने के संबंध में जानकारी से अवगत कराया। बैठक मे वाहन, टेबिल कुर्सी, माईक व्यवस्था, मेडीकल किट, मतदाता सूची, जागरूकता पंपलेट, बैलेट पेपर, फलोचार्ट, कम्युनिकेशन, बिजली, पेयजल, सामग्री वितरण एवं जमा करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।



# मतदान 26 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करें: श्री कोमर

**मतदाता जागरूकता अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली में स्वयं भी स्लोगन लेकर चले कलेक्टर**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र का मतदान 26 अप्रैल को निर्धारित है। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज जिले की तहसील हटा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने एक जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी रैली में साथ-साथ चलकर मतदान करने आमजन को प्रोत्साहित किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी, इस रैली में लोक गायक मतदाता जागरूकता के गीत गाते हुए सबसे आगे चल रहे थे, उनके अलावा दिव्यांग मतदाता भाई-बहन, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, स्कूलों और कॉलेज के विद्यार्थी और टीचर सभी लोग सम्मिलित हुए।मतदाता जागरूकता रैली ने शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए लगभग 2 किलोमीटर का फासला तय किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा आज हटा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से सभी लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि 26 अप्रैल को जब दमोह वोट करेगा तो हम जमकर वोट करेंगे, 80 प्रतिशत से ऊपर मतदान के प्रतिशत को लेकर जाएंगे। यह संकल्प हमने जनता के बीच दोहराया है।

उन्होंने इस आयोजन के लिए एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम और उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा बहुत व्यवस्थित रूप से इस आयोजन को किया है। छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा, इसी तरह के कार्यक्रम सभी क्षेत्रों में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। हम सभी का यह प्रयास है कि जिले का वोटिंग प्रतिशत 80 प्रतिशत से ऊपर जाए और हम पूरे प्रदेश के सामने एक नई मिसाइल बने।




# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर मड़ियादो पहुँचे, घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण करते हुए मतदाताओ से मतदान करने किया आग्रह

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर आज मड़ियादो पहुँचे। यहां उन्होंने पुराना थाना परिसर में ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों से लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और संवाद किया। लोगों ने मड़ियादो में पेयजल समस्या बताई, साथ ही जोगी डाबर सबधारा नाला की साफ सफाई, पुलिस लाइन बोरबेल मोटर सुधार की मांग की, जिस पर उन्होंने सभी समस्याओं के निराकरण की बात कही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा जितने भी गांव के निवासी है, सभी लोग मतदान अवश्य करें। आपकी समस्याओं का निवारण बिल्कुल यथा समय किया जाएगा, जिसके लिये आप बिल्कुल चिंता ना करें। उन्होंने कहा वोट सभी को डालना है, जो लोग वोटर हैं जिनके पास मताधिकार है, उन्हें वोट डालना चाहिए। मड़ियादों का नाम जंगल, जमीन और जल इन सभी के लिए अच्छा होना चाहिए, इस बात के लिए नहीं होना चाहिए कि यहां पर वोटिंग कम हुई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर सोसायटी में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुँचें, यहां पर समुचित व्यवस्थाएं और आवश्यक सामग्री नहीं होने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



# श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, रोहतास (सोनु कुमार)।**

संझौली प्रखंड क्षेत्र के चैता बहोरी गांव में हनुमान महायग भागवत परिवार एवं जनसहयोग से चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथावाचक महंत श्रीधर प्रपन्नाचार्य जी महाराज (सोनु बाबा जी)ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं । उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं । जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें भगवान की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मिणी विवाह आदि प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन हेतु शामिल हुए। कथा के दौरान कथा वाचक सोनु बाबा जी महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन होता है । उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल पर रुक्मिणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक महंत सोनु बाबा जी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला उद्धव चरित्र कृष्ण मथुरा गमन और रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मिणी के भाई रुक्मि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था। लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगी । उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण सत्य मार्गी हैं इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएंगी अंत में भगवान द्वारकाधीश जी ने रुक्मिणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें पत्नि के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया। रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से दयाशंकर कुमार, चंदन बाबा, सोनू कुमार,सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# जो प्राप्त है,वही पर्याप्त है इस भाव को समझ लेना ही सुखः महंत सोनु बाबा

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, रोहतास (सोनु कुमार)।**

मानव जीवन के क्रम में इस धरती पर जो प्राप्त है,वही पर्याप्त हैं। बस इसी भाव की समझ लेने की जरूरत हैं, जिसे यह समझ में आ गया उससे बड़ा सुख पृथ्वी पर कोई नहीं है हमारे भीतर का लोभ है हिरण्याक्ष, संतोष रूपी वराह के द्वारा ही उसे मारा जा सकता है,जो प्राप्त है वह पर्याप्त हैं जिसे यह बात समझ में आ गया उससे बड़ा सुखी इस पृथ्वी पर कोई अन्य नहीं है। उक्त बातों की जानकारी शनिवार के दिन श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ चैता बहोरी गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आए वैष्णवी पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री देवी दयाल परमहंस जी महाराज के परम शिष्य महंत सोनू बाबा जी ने प्रवचन के दौरान भक्तों से कहीं उन्होंने कहा कि जीवन में दो सर्वश्रेष्ठ मार्ग हैं। निष्काम भाव से ममता रहित होकर केवल ईश्वर प्राप्ति के लिए कर्म करना चाहिए सांसारिक विषय भोगों को प्राप्त करने के लिए पुरुष स्त्री के मार्ग का चुनाव करते हैं ।



## आपदा गर्मी व लू से बचाव को लेकर अधिकारियों को डी.एम ने दिए कई निर्देश

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/नीरज कुमार साह):** जिलाधिकारी, दरभंगा श्री राजीव रौशन ने मार्च से मई महीने में घटित होने वाले अग्निकांड आपदा व भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार पटना द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करने हेतु जिले के अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में अग्निकांड की सूचना प्राप्त होते ही संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमण्डल पदाधिकारी स्वयं घटना स्थल पर पहुँचकर राहत एवं बचाव कार्य करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इसका प्रतिवेदन जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को 24 घंटे के अन्दर अनुमान्य सहायता यथा-पॉलीथिन शीट्स, नगद अनुदान तथा वस्त्र एवं बर्तन के अनुदान उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि यदि जले व क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वेक्षण कर इसका जिओ टैगिंग एवं फोटोग्राफी कराकर संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी से स्वीकृत्योपरांत ससमय गृह क्षति अनुदान देना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर मुखिया, जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर अग्निकांड की रोकथाम हेतु भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु जागरूकता फैलाना व राज्य द्वारा समय-समय पर जारी हीट वेव बुलेटिन एवं मौसम पूवानुर्मान के आंकड़ों/चेतावनियों को ससमय अपने क्षेत्र के अधिक से अधिक सोशल मीडिया ग्रुप में प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। नगर आयुक्त, दरभंगा नगर निगम को शहरी क्षेत्रों तथा नगर पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था, आवश्यकतानुसार चापाकलों की मरम्मती, नगरीय क्षेत्र में अवस्थित आश्रय स्थलों में पेयजल।



## मतो के कम प्रतिशत नें प्रत्याशियों का बढ़ाया टेंशन 50% हीं हुआ मतदान किसका होगा कल्याण

**पत्रकार राजेश मिश्रा की कलम से**

औरंगाबाद।लोकसभा आम निर्वाचन की प्रक्रिया शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होते ही मतों के कम प्रतिशत नें प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी है। हालांकि प्रचंड गर्मी में भी मतदाताओं ने मतदान जरूर किया लेकिन पिछले चुनाव की तुलना में कुछ प्रतिशत कम हुए। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से बेहतर मतदान के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।लेकिन मतदाता बूथों तक नहीं पहुंच सके और वे मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के रेस में पीछे रह गए इसको लेकर चर्चा का बाजार गर्म है और मतदान प्रतिशत को लेकर लोग जीत हार की भविष्यवाणी भी करने लगे। ऐसे में आपसी वैमनश्यता पनप रही है और मारपीट की घटना घटित हो रही है। पुलिस प्रशासन को इस पर भी निगाह रखने की जरूरत है।अगर राजनीति की बात होती है तो गांव शहर गली मोहल्ले में राजनीति की खूब बातें लोग करते हैं। और आपस में झगड़ा करने तक भी उतारू हो जाते हैं। और इतना व्यापक रूप से प्रचार प्रसार होने के बावजूद मतदान के प्रतिशत बढ़ाने की रेस में पीछे रह जाते हैं। इस पर ध्यान देने की बात है।मतदान की प्रक्रिया गुप्त होती है लेकिन आधुनिक परिपेक्ष में तो यहां तक देखे जाते हैं कि सोशल मीडिया पर खुल्लम-खुल्ला फेसबुक पेज के फेक आईडी के द्वारा अनर्गल बातें को फैलाकर वोटो के ध्रुवीकरण करने के प्रयास किए जाते हैं।ऐसे तत्वों को चिन्हित करके जिला प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि इस बार वोटो के कम प्रतिशत नें प्रत्याशियों को जरूर टेंशन बढ़ा दी है। सभी प्रत्याशियों की भाग्य ईवीएम में कैद हो गई है।सभी के द्वारा जीत के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन अब मतदातगण 4 जून पर ध्यान लगाए बैठे हैं।



## सहार+2 प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं के नामांकन फीस में अवैध वसुली

**प्रधानाध्यापक द्वारा 550 रुपए प्रति छात्राओं से नामांकन शुल्क लेने की बात स्वीकारी**

**मैथिली प्रसंग संवाददाता/ दिलीप कुमार**




**सहार/भोजपुर।** प्रोजेक्ट कन्या +2 उच्च विद्यालय सहार में छात्राओं से नामांकन शुल्क के नाम पर 550 रुपए अवैध वसुली किया जा रहा है। छात्राओं से नामांकन के नाम पर आवैध वसुली पर छात्राओं और उनके अभिभावकों में काफी नाराजगी व्याप्त है। प्रधानाध्यापक द्वारा नामांकन शुल्क में अवैध वसूली पर छात्राओं और अभिभावकों के सूचना पर पत्रकारों द्वारा शनिवार सुबह को सहार + 2 बालिका उच्च विध्यालय का भ्रमण किया गया। भ्रमण में सुबह नौ बजे तक प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार विध्यालय नहीं पहुंचे थे। वहीं शिक्षिकाओं द्वारा बताया गया कि विध्यालय में 20 शिक्षकों में 17 शिक्षक उपस्थित थे। छात्राओं में 11 वीं वर्ग में कुल 72 छात्राओं में से 51 आर्टस और 21 साइंस की छात्राओं, दसवीं में कुल 200 छात्राओं, वहीं नवमी में अभी तक लगभग 35 छात्राओं का नामांकन किया गया है। छात्राओं का नामांकन अभी चल रहा है।

विद्यालय में शनिवार सुबह नौ बजे केवल दसवीं वर्ग की लगभग 25 छात्राओं का विशेष कक्षाएं संचालित हो रही थी। नवीं वर्ग में केवल एक छात्रा, और 11 वीं वर्ग की एक ही छात्रा ही विशेष कक्षा में उपस्थित थीं। प्रधानाध्यापक द्वारा नामांकन शुल्क में 550 रुपए अवैध वसूली की शिकायत छात्राओं में शाहीन प्रवीण,सबा प्रवीण,नीतु कुमारी,सबा खातुन,सगुफता खातुन के अभिभावकों ने बताया कि नामांकन शुल्क में स्पेशल चार्ज, विकास शुल्क, और आइ कार्ड बनवाने के नाम पर 550 रुपए अवैध वसूली किया जा रहा है। वहीं शुल्क लेने का विध्यालय द्वारा किसी प्रकार का छात्राओं को रसीद भी नहीं दिया जा रहा है। विद्यालय में 550 रुपए वसुली के संबंध में प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार द्वारा पुछने पर 550 रुपए वसुली करने की बात स्वीकार किया। उन्होंने कहा की 420 रुपए लेना है और विध्यालय में सभी छात्राओं का आइ कार्ड इत्यादि बनवाना है इस लिए लिये 550 रुपये लिया जा रहा है।

प्रोजेक्ट कन्या + 2 उच्च विद्यालय में 550 रुपए वसुली के संबंध में सहार बीईओ गुलाम सरवर ने बताया कि मैं पटना ट्रैनिंग में हुं। वैसे एससी एसटी कैटेगरी के छात्रों को 340 रुपए और जनरल कैटेगरी के छात्रों को 420 रुपए नांमाकन में लेना है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर ए हसन ने बताया कि सिर्फ 420 रुपए लेना है, कौन प्रधानाध्यापक ले रहा है उन्होंने कहा कि 421 रुपये लेने पर एफआईआर दर्ज कर दिया जाएगा। डीइओ भोजपुर ने कहा कि कोई छात्रा या उसका अभिभावक लिख कर देते हैं तो जांच पड़ताल कर करवाई में एफआईआर तक दर्ज किया जाएगा।

## भगवान महावीर की जयंती पर दो दिवसीय कुंडलपुर राजकीय महोत्सव का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

**मैथिली प्रसंग संवाददाता/ राकेश कुमार**



**नालंदा।** भगवान महावीर की जन्मस्थली कुंडलपुर में दो दिवसीय महावीर जयंती को लेकर जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग तैयारी में जुट हुआ है। दो दिवसीय समारोह रविवार से भगवान महावीर के जन्मस्थली नालंदा स्थित कुंडलपुर में आयोजित होगी। भगवान महावीर की 2623वी जन्म जयंती में देश के विभिन्न राज्यों से जैन श्रद्धालु जुटेंगे। जन्म जयंती समारोह 21 अप्रैल की सुबह से प्रारंभ होगी। लेकिन, कार्यक्रम में प्रशासनिक तौर पर उद्घाटन शाम 5 बजे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। दिग्म्बर जैन समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने बताया कि भगवान महावीर की जन्म जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि भगवान महावीर जन्मभूमि कुंडलपुर के दिग्म्बर जैन समिति के पीठाधीश कर्मयोगी स्वस्ति रवींद्र कीर्ति शिरकत करेंगे। महोत्सव के पहले दिन कुंडलपुर दिगंबर जैन समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

भगवान महावीर की मुख्य मंदिर में विराजमान प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता कराई जाएगी प्रतियोगिता में फर्स्ट सेकंड थर्ड आय प्रतिभागी को समिति के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। दूसरे दिन 22 अप्रैल की सुबह में नित्य अभिषेक पूजन, विश्व शांति महावीर मंडल विधान, दिगम्बर जैन समिति द्वारा अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## अब एक क्लिक पर निर्वाचन की सम्पूर्ण जानकारी करें प्राप्त

**प्ले-स्टोर से डाउनलोड करें Darbhanga Matdaan Kendra App और प्राप्त करें मतदान केन्द्र की सम्पूर्ण जानकारी**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/नीरज कुमार साह)**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दरभंगा श्री राजीव रौशन द्वारा बताया गया कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिले के आम मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए **Darbhanga Matdaan Kendra App** जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति उपर्युक्त एप्प को प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर विजुअल तरीके से मतदान केन्द्र संख्या, नाम, पता, उपलब्ध सुविधाएँ आदि है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा मतदान केन्द्र रूट चार्ट, अक्षांशीय व देशान्तरीय स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ संबंधित मतदान केन्द्र की सम्पूर्ण मतदाता सूची, जिसमें मतदाताओं की संख्या, नाम, पता, फोटो, एपिक संख्या आदि देख सकते है।

उन्होंने कहा कि उपर्युक्त एप्प के माध्यम से मतदान केन्द्र से संबंधित बी.एल.ओ. का नाम व मोबाईल नम्बर, पुलिस, अग्निशमन, एम्बुलेंस, महिला हेल्पलाइन, चाईल्ड हेल्पलाईन, वोटर हेल्पलाईन, आपदा का सम्पर्क नम्बर के अलावा संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, जिला पदाधिकारी का सम्पर्क नम्बर प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि उपर्युक्त एप्प में मतदान की तिथि व अवधि के बारे में भी जानकारी दी गई है।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डी.एम ने किया समीक्षा बैठक

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/नीरज कुमार साह):**

दरभंगा, एनआईसी में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री राजीव रौशन की अध्यक्षता में सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी, सभी नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी के साथ निर्वाचन कार्यो से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा की तैयारी के संबंध में बारी-बारी से फीड बैक प्राप्त किया तथा संबंधित पदाधिकारी को दिए कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिए की 05 दिनों के अंदर सभी मतदाता पर्ची को घर-घर जाकर वितरण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो बीएलओ अपने क्षेत्रों में मतदाता पर्ची का वितरण स-समय नहीं करेंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मतदाता पर्ची वितरण में भेदभाव करने वाले संबंधित बीएलओ पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता पर्ची का सत्यापन आँगनवाड़ी सेविका और जीविका दीदीयों से कराना सुनिश्चित करें। मतदाता पर्ची वितरण में अनियमिता पाए जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि पर भी विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी से वोटर पर्ची के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधा जिनमें पानी, बिजली, शौचालय, रैम्प, शेड, व्हीलचेयर, साफ-सफाई, शौचालय की व्यवस्था शामिल है, शेष जिस मतदान केन्द्र पर आधारभूत सुविधा शत-प्रतिशत दुरुस्त करवा लेने के निर्देश दिए।



## दरभंगा जिला में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम किये जा रहे आयोजित

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/नीरज कुमार साह)**




जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दरभंगा श्री राजीव रौशन के निर्देश में प्रतिदिन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में 20 अप्रैल को जिला के दरभंगा सदर प्रखण्ड अन्तर्गत लो वीटीआर बूथ संख्या-123 दुग्ध फैक्ट्री, लक्ष्मी सागर पश्चिमी भाग, बूथ संख्या -124 दुग्ध फैक्ट्री, लक्ष्मी सागर पूर्वी भाग एवं बूथ संख्या 114, महराज महेश ठाकुर मिथला महाविद्यालय, दरभंगा में विभिन्न ग्राम संगठननों एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जीविका से मानव संसाधन प्रबंधक, ब्रजेश कुमार, प्रबंधक नरेश कुमार एवं मनोरमा कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक शशि शेखर, सामुदायिक समन्वयक जगदीश प्रशाद एवं सोनी कुमारी सहित अनेकों कैडर व स्वीप दूतों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उक्त कार्यक्रम में बूथ संख्या-121 प्राथमिक विद्यालय, लक्ष्मी सागर पूर्वी भाग दरभंगा के क्षेत्र की जीविका दीदियाँ ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त चारों बूथ 14-दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 83-दरभंगा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आते है, यहाँ 13 मई को मतदान होना है क वरीय उप समाहर्त्ता ब्रिशभानु कुमारी चन्द्रा एवं जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) डॉ. ऋचा गार्गी के नेतृत्व में जीविका दीदियों ने भव्य व आकर्षक रंगोली का निर्माण कर तथा संकल्प सभा व संगोष्ठी का आयोजन कर तथा जन-जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर वरीय उप समाहर्त्ता ब्रिशभानु कुमारी चन्द्रा ने सभी उपस्थित मतदाताओं को बताया कि 14-दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में (यहाँ) 13 मई को मतदान होना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में आपकी एवं परिवार के सभी मतदाताओं की भागीदारी अति-आवश्यक है। कहा कि आपका एक-एक मत कीमती है, इसे बर्बाद नही होने दें। उन्होंने जीविका दीदियों से अपील किया कि वे अपने-अपने समूह की बैठक में भी चर्चा करते हुए सम्पूर्ण मतदान हेतु जागरूकता फैलाने का काम करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित सभी को मतदान करने एवं अन्य मतदाताओं को उत्प्रेरित करने हेतु संकल्प कराया गया।

## रानगिर में गुम हुई 4 साल की बच्ची को रहली पुलिस ने 24 घंटे में खोज निकाला

**शुक्रवार की शाम गुम हुई थी बच्ची शनिवार की शाम पुलिस को सकुशल मिली।**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, सागर (रोहित अहिरवार)।**



केसली ब्लॉक के पुतर्रा ग्राम की सुरेश अहिरवार की 4 साल की बच्ची जिसके के पिता का नाम सुरेश अहिरवार था जो अपने पिता सुरेश अहिरवार और मां के साथ 4 अचानक वह मेला में गुम गई कुछ देर बाद माता-पिता ने देखा कि हमारी बेटी नहीं है तो उन्होंने रानगिर में ही तलाश शुरू कर दी साथी रहली पुलिस को सूचना मिली और रानगिर में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को भी इसकी सूचना लगी तो सभी कर्मचारी बच्ची की तलाश में जुट गए छोटी सी 4 साल की बच्ची अचानक गुम हुई तो किसी सज्जन व्यक्ति को वह रोते हुए मिली वह बंसिया बड़ौदा के हैं जो कुछ देर तक बच्ची के साथ रानगिर में ही रुके रहे कि इस बच्ची के माता-पिता आ जाए और बच्ची को ले जाए लेकिन माता-पिता को जानकारी तक नहीं लगी लगातार रहली पुलिस बच्ची की तलाश कर रही थी और रानगिर में जो कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई गई थी वह भी लगातार सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बच्चे की तलाश कर रहे थे रहली थाना प्रभारी डी के तिवारी स्वयं पुलिस बल के साथ लगातार रानगिर में दिनभर पुलिस बच्ची को तलाश करते रहे शाम को अचानक पुलिस को सूचना लगी की यह बच्ची ढाऩा में है मौके पर पहुंची रहली पुलिस को सकुशल मिली 4 साल की बच्ची और पुलिस ने बच्ची को अपने माता-पिता को सौंप दिया फिलहाल रहली पुलिस को क्षेत्र के लोग सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं कि पुलिस ने बच्ची को 24 घंटे बाद खोज निकला धन्यवाद रहली पुलिस परिजनों ने भी पुलिस को धन्यवाद दिया।



## मुख्य समाचार

### अलावलपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, करीब 100 बीघा की गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, संपतचक/पटना (राजीव रंजन सिंह)।** शनिवार को दिन में गौरीचक थाना क्षेत्र के अलावलपुर में बिजली प्रवाहित तार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से अलावलपुर के 23 किसानों का करीब 100 बीघे की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस आगलगी में बगीचा में लगी पेड़ जलने लगा साथ ही गांव किनारे बनी खलिहान तक आग पहुंच गई। हालांकि गौरीचक, गोपालपुर एवं फतुहा थाना की फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तो ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद 5 बजे आग पर काबू पाया गया। पीड़ित किसान शिव जतन सिंह,राम मुरत सिंह, अखिलेश सिंह, संजय सिंह,कीरु पासवान, श्री राम गिरी,सुविन्द सिंह,राम दुलार सिंह, मदन जीत सिंह,ओम प्रकाश गिरी, धर्म नाथ सिंह, श्याम मुरत सिंह, सूर्य नारायण सिंह, उमेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, अशोक सिंह,दीपक सिंह, दिलिप सिंह, संजय सिंह,राम प्रवेश रविदास, शिव नाथ सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, एवं उमेश सिंह का करीब 100 बीघा में लगी गेहूं का फसल जल गई।



### सड़क दुर्घटना में महिला के मौत के बाद मृतिका के पुत्र ने करवाया प्राथमिकी दर्ज

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के फदरपुरा गांव के योगेंद्र प्रसाद के पुत्र लवकेश कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया है कि विगत 18 अप्रैल 2024 को सुबह 9:00 के आसपास बौर स्थित आरा मशीन के समीप सड़क दुर्घटना में मेरी मां चंद्रावती देवी की मौत हो गई थी, एवं मेरे पिता योगेंद्र प्रसाद घायल हो गए थे। लवकेश ने ने बताया कि 18 अप्रैल को मेरे पिता योगेंद्र प्रसाद एवं मां चंद्रावती देवी बाराही बाजार पैदल जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल BR26J7359 के चालक गोपालपुर गांव निवासी रामप्यारे यादव लापरवाही गति से आया और मेरी मां एवं पिता को जोरदार टक्कर मार दिया। मेरी मां को सर में गहरी चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही मेरे पिता का अभी भी इलाज चल रहा है। शनिवार को रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि बाइक BR 26J 7359 को जप्त कर बाइक चालक रामप्यारे यादव को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया।

### जमीन विवाद मारपीट के मामले एक नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज के कासमा पुलिस ने जमीन विवाद में मारपीट के मामले में डोमन बिगहा गांव निवासी इंद्रदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि 19 अप्रैल को मनोज यादव के द्वारा इंद्रदेव यादव सहित नौ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए जमीन विवाद में मारपीट कर घायल करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया था। फिलहाल इंद्रदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है,अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### पांच किसानों के गेहूं तथा सरसों के फसल में लगी आग, अग्निशमन ने पाया आग पर काबू

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज के सिहुली गांव में शनिवार की दोपहर करीब 2:00 बजे के आसपास सलाहुद्दीन खां, सरफराज खां, नौशाद खां, शाहनवाज खां, रहीस खां के सरसों एवं गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी देखते ही देखे सारा कुछ जलकर राख हो गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि लगभग 10 एकड़ की जमीन में लगे सरसों एवं गेहूं की फसल जलकर शॉर्ट सर्किट के कारण राख हो गया। घटना की सूचना मिलते हैं अग्निशमन चालक साहिल आलम, सुजीत कुमार मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।



### चौरी से तीन शराबी गिरफ्तार

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजुपर (दिलीप कुमार)।** चौरी थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से तीन शराबी को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जनकपुरिया गांव निवासी सोहरात राम का पुत्र विनय राम,अठपा गांव निवासी बालेश्वर प्रसाद का पुत्र रामभिषेक और अंधारी गांव निवासी मुन्नीलाल पासवान का पुत्र बबन पासवान को शराब पीने के मामले में चौरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया है।

### जिले के बाल विकास परियोजना द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर चलाया अभियान

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/नीरज कुमार साह):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन के आदेश के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी सभी बाल परियोजना अन्तर्गत लो वीटीआर वाले बूथों पर संबंधित प्रखण्ड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आँगनवाड़ी सेविका द्वारा जगह-जगह पर मतदाता जागरूकता रैली, गृह भ्रमण कार्यक्रम, रंगोली कार्यक्रम, शपथ ग्रहण समारोह, दीवार लेखन एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी लो वीटीआर वाले क्षेत्रों में मतदाता चौपाल, घर-घर दस्तक अभियान भी चलाते हुए मतदाता को जागरूक किया गया।




मैथिली प्रसंग समाचार पत्र व ट्रस्ट से जुड़ने के लिए संपर्क करें।

Mob.: 8505971505] 8368657015

Email: mprasang@gmail.com

Website: www.maithiliprasang.com

मैथिली प्रसंग ट्रस्ट संस्कार, संस्कृति, गीता को आदर्श मानकर चरित्र निर्माण, समाज निर्माण एवं देश के विकास हेतु प्रतिबद्ध संस्था है। इसके माध्यम से दुश्कृत्यों के उन्मूलन हेतु संघर्ष करेंगे। किसी सम्प्रदाय या पार्टी विशेष की महत्वकांक्षाओं से नही जुड़ा है। आप को किसी भी तरह की समस्या (जैसे निर्धन की बेटी की शादी, बच्चों की पढ़ाई, बेसहारा को मदद, बुजुर्गो को उनका सम्मान, ईलाज के लिए मदद, कानूनी सहायता, सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना, आर्थिक सहायता (जैसे 10000 से 50000 तक का मदद) का समाधान चाहिए तो हमें बताएं हम आपकी समस्या का समाधान निकालने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मैथिली प्रसंग आप से इस लड़ाई में जुड़ने की अपील करता है। इस मुहिम में आप हमारे साथ सलाहकार या संरक्षक के रूप मे जुड़ सकते है। हमारे संस्था का सदस्य बनने के लिए संपर्क करें.**

# Maithili Prasang Trust

**CONTACT & WHATSAPP NUMBER.**

**8505971505, 8586951951, 8929810234**

**EMAIL: mprasang@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक विनय कुमार ने दिव्या ऑफसेट बी-1422, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096, से मुद्रित कराकर कार्यालय ई-657, गली नं0-9, वेस्ट विनोद नगर, दिल्ली-110092, से प्रकाशित किया। इस समाचार पत्र में छपे समाचारों व विज्ञापनों के लिए पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा। सह-संपादकः शिवशंकर., मोबाईल नम्बर-8505971505, ईमेल-mprasang@gmail.com, RNI no.- DELHIN/2013/50275, Website: www.maithiliprasang.com.